तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज	नं व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
	भोमाराम **बनाम** **लोक सूचना अधिकारी, (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर)** सू.अ.अपील संख्या–ऑनलाईन अपील संख्या 353269738929640	

13/01/26

अपीलार्थी भोमाराम निवासी अम्बेडकर सर्किल के पास ओसियां, जोधपुर द्वारा लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) को सूचना का अधिकार के तहत प्रार्थना पत्र दिनांक 09.09.2025 जिला स्तरीय जनसुनवाई में परिवाद क्रमांक 082507824017663, 82507824017620 व 082507823319693 जो प्रार्थना पत्र दिये गये वो राजस्थान सम्पर्क पर दर्ज किए गए उस पर आदिनांक की गई कार्यवाही से सम्बन्धित सूचना व अन्य विविध सूचना के लिए प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई।

अपील में रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया।

हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर रेस्पो. पक्ष अनुपस्थित एवं अपीलार्थी अनुपस्थित। रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) से प्राप्त तथ्यात्मक रिपोर्ट दिनांक 24.12.2025 अनुसार कार्यालय से संबंधित सूचना पत्र दिनांक 03.10.2025 द्वारा आवेदक को उपलब्ध करवादी गई है तथा शेष सूचना संबंधित कार्यालय से प्राप्त करने हेतु सूचित किया जा चुका है।

अतः लोक सूचना अधिकारी की उपरोक्त तथ्यात्मक रिपोर्ट के आधार पर अपील खारिज योग्य होने से अस्वीकार की जाती है। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया।

(गौरव अग्रवाल)
जिला कलक्टर, जोधपुर

Signature valid

Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation: Collector & District Magistrate
Date: 2026.01.13 13:25:27 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 19900351